कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/शीतलहर, लू (60)/वो–2/2023 दिनांक : 15.01.2023

समस्त जिला कलक्टर

विषय :– अत्यधिक शीतलहर के कारण विद्यालयों के समय में परिवर्तन अथवा अवकाश करने बाबत्।

प्रसंग :– इस कार्यालय द्वारा जारी पूर्व पत्र दिनांक : 05.01.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगानुसार लेख है कि राज्य में अत्यधिक शीतलहर को देखते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तन/विद्यार्थियों के अवकाश करने हेतु आपको 15 जनवरी, 2023 तक अधिकृत किया गया था। वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर उक्त अवधि को 15 जनवरी से बढ़ाकर 18 जनवरी, 2023 की जाती है। उक्त बाबत कृपया अपने जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आपके जिले में शीतलहर की स्थिति को देखते हुए यथावश्यक निर्णय लिया जाना सुनिश्चित करावें।

(गौरव अग्रवाल)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीया शिक्षा राज्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को संभाग क्षेत्राधिकार में समुचित पर्यवेक्षण हेतु।
6. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को प्रेषित कर लेख है कि जिला कलक्टर से समन्वय स्थापित कर जिले में **अत्यधिक शीतलहर** को देखते हुए विद्यालय समय का यथोचित **पुनर्निर्धारण/विद्यार्थियों** हेतु अवकाश करवाने हेतु।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को ब्लॉक क्षेत्राधिकार में प्रभावी प्रबोधन हेतु।
9. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
10. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
11. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
12. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर।

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Director
Date: 2023.01.15 17:31:25 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3051048

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते